1 According to Mendel, the phenotypic ratio of $F_2$ generation of a dihybrid cross is -
मेन्डल के अनुसार एक द्विसंकर संकरण के द्वितीय संतति पीढ़ी का लक्षणप्रारूप अनुपात होगा –
(A) 1 : 2 : 1 (B) 9 : 3 : 3 : 1
(C) 15 : 1 (D) 3 : 1

2 What proportion of area of state of Rajasthan is desert?
(A) Two-third (B) One-third
(C) One-fourth (D) Half
राजस्थान राज्य का कितना भाग मरुस्थलीय क्षेत्र है?
(A) दो–तिहाई (B) एक–तिहाई
(C) एक–चौथाई (D) आधा

3 If the height is doubled and the base is decreased by 20%, then the ratio of old area of the triangle and new area of the triangle is -
यदि ऊँचाई को दुगुना कर दिया जाये और आधार को 20% कम कर दिया जाये, तो त्रिभुज के पुराने क्षेत्रफल और त्रिभुज के नये क्षेत्रफल का अनुपात है –
(A) 4 : 5 (B) 5 : 8
(C) 3 : 8 (D) 2 : 3

4 A milk like preparation can be made from the seeds of _______.
(A) gram (B) maize
(C) barley (D) soyabean
_______ के बीज द्वारा एक दूध जैसी सामग्री बनाई जा सकती है।
(A) चना (B) मक्का
(C) जौ (D) सोयाबीन

5 'Arun Hydroelectric Project' is result of co-operation between India and _______.
(A) Nepal (B) Afghanistan
(C) Myanmar (D) Bhutan
'अरुण जलविद्युत परियोजना' भारत एवम् _______ के सहयोग का परिणाम है।
(A) नेपाल (B) अफगानिस्तान
(C) म्यांमार (D) भूटान

6 Vitamin that acts as a hormone and increases absorption of calcium is -
(A) Vitamin K (B) Vitamin D
(C) Vitamin $B_2$ (D) Vitamin $B_1$
वह विटामिन जो हार्मोन की तरह कार्य करता है और कैल्सियम का अवशोषण बढ़ाता है –
(A) विटामिन के (B) विटामिन डी
(C) विटामिन बी$_2$ (D) विटामिन बी$_1$

7 'Amendment' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है –
(A) सहमति (B) अनुमोदन
(C) संशोधन (D) परिवर्तन

8 Choose the correct alternative for translation of the technical term :
अनुपूरक
(A) practitioner (B) plotter
(C) supplement (D) backplane

9 $\log\left\{\frac{4lm}{k}\right\}$ is equal to -
$\log\left\{\frac{4lm}{k}\right\}$ का मान है –
(A) $2\log 2+\log l+\log m-\log k$
(B) $\log 4-\log l-\log m-\log k$
(C) $\log 2+\log l-\log m+\log k$
(D) $\log 4+\log l+\log m+\log k$

10 A person with blood group 'B' can donate blood to persons having -
(A) B and O blood groups
(B) A and AB blood groups
(C) B and AB blood groups
(D) A and O blood groups
'B' रुधिर वर्ग वाला व्यक्ति जिन रुधिर वर्गों के व्यक्तियों को रक्त दान कर सकता है, वह हैं –
(A) B एवं O रुधिर वर्गों को
(B) A एवं AB रुधिर वर्गों को
(C) B एवं AB रुधिर वर्गों को
(D) A एवं O रुधिर वर्गों को

11 जिस समास में पहले शब्द के बाद कारक चिह्न किसी न किसी रूप में विद्यमान रहता है, उसे कहते हैं?
(A) द्वंद्व (B) अलुक् तत्पुरुष
(C) संप्रदान तत्पुरुष (D) कर्मधारय

12 A cross between heterozygous progeny with its homozygous parent is known as -
(A) Effective cross (B) Back cross
(C) Pure cross (D) Test cross
विषमयुग्मकी सन्तान तथा उसके समयुग्मकी जनक के मध्य संकरण को कहते हैं –
(A) प्रभावी संकरण (B) पूर्वज संकरण
(C) शुद्ध संकरण (D) परीक्षण संकरण


Scanned with CamScanner

13 As per Thornthwaite's classification which of the following represents the climate of Jaisalmer?
थार्नथ्वेट के वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा जैसलमेर की जलवायु को प्रस्तुत करता है?
(A) CA'w (B) DA'w
(C) DB'w (D) EA'd

14 Which among the following position is not held by Chief Minister of Rajasthan?
(A) Member of National Development Council
(B) Chairman of Chief Minister's Advisory Council
(C) Chairman of Rajasthan State Human Rights Commission
(D) Member of Inter State Council
निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान के मुख्य मंत्री का पद नहीं है?
(A) राष्ट्रीय विकास परिषद् का सदस्य
(B) मुख्य मंत्री सलाहकार समिति का अध्यक्ष
(C) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष
(D) अंतर्राज्य परिषद् का सदस्य

15 Convert the following indirect speech into direct speech by choosing the correct option :
He inquired whether his name was not Ahmed.
(A) He said to him, "Was not your name Ahmed?"
(B) He said, "Was not his name Ahmed?"
(C) He said to him, "Is not his name Ahmed?"
(D) He said to him, "Is not your name Ahmed?"

16 The edge of a cube is increased by 20%, then its volume is increased by -
एक घन के किनारे में 20% की वृद्धि की जाती है, तब इसके आयतन में हुई वृद्धि है –
(A) 60% (B) 72.8%
(C) 80% (D) 20%

17 Which of the following districts of the state are located on the international boundary from south to north?
(A) Barmer, Jaisalmer, Bikaner and Ganganagar
(B) Jalore, Jaisalmer, Bikaner and Ganganagar
(C) Ganganagar, Bikaner, Jaisalmer and Jalore
(D) Ganganagar, Bikaner, Jaisalmer and Barmer
राज्य के कौन से ज़िले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण से उत्तर की ओर स्थित हैं?
(A) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(B) जालौर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(C) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं जालौर
(D) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर

18 If in a imaginary language the digits 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 are substituted by *l*, m, n, o, p, q, r, s, t, u respectively and 21 is written as nm, then $\left[(to - qr) \times mn\right]$ is equal to -
यदि एक काल्पनिक भाषा में अंकों 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 को क्रमशः *l*, m, n, o, p, q, r, s, t, u से प्रतिस्थापित किया गया है तथा 21 को nm लिखा जाता है, तो $\left[(to - qr) \times mn\right]$ बराबर है –
(A) −qtu (B) −onp
(C) qtu (D) onp

19 Where are files moved in windows after deletion?
(A) Recycle Bin
(B) Control Panel
(C) My Documents
(D) Windows Explorer
डिलीट होने के बाद विंडोज में फ़ाइलें कहाँ जाती हैं?
(A) रिसाइकिल बिन
(B) कन्ट्रोल पैनल
(C) माय डॉक्यूमेंट्स
(D) विण्डोज एक्सप्लोरर

20 The Vagadi dialect is spoken in the _______ area of Rajasthan.
(A) South - western (B) North - western
(C) North - eastern (D) South - eastern
वागड़ी बोली राजस्थान के _______ क्षेत्र में बोली जाती है।
(A) दक्षिण – पश्चिमी (B) उत्तर – पश्चिमी
(C) उत्तर – पूर्वी (D) दक्षिण – पूर्वी

21 For how many years biological patent is legal in India?
(A) 10 years (B) 15 years
(C) 20 years (D) 5 years
भारत में एक बायोपेटेंट कितने वर्ष तक वैध रहता है?
(A) 10 वर्ष (B) 15 वर्ष
(C) 20 वर्ष (D) 5 वर्ष

22 Where was Bhakti Saint Ranabai born?
(A) Dehara (B) Pilibanga
(C) Sanchore (D) Harnawa
भक्ति संत रानाबाई का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) डेहरा में (B) पीलीबंगा में
(C) सांचोर में (D) हरनांवा में



Scanned with CamScanner

23 R's salary is 30% higher than S's salary. The percent that S's salary is less than R's salary is -
R का वेतन S के वेतन से 30% अधिक है। R के वेतन के सन्दर्भ में S के वेतन की प्रतिशत कमी है –
(A) $23\frac{1}{13}\%$
(B) 30%
(C) 25%
(D) $22\frac{1}{13}\%$

24 How many times do the hands of a clock coincide in 36 hours?
36 घण्टों में एक घड़ी की सुइयाँ कितनी बार मिलती हैं?
(A) 35
(B) 36
(C) 39
(D) 33

25 Who is Chief Election Commissioner of India? (As on 18 December, 2022)
(A) Sunil Arora
(B) Om Prakash Rawat
(C) Susheel Chandra
(D) Rajiv Kumar
भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं? (18 दिसम्बर, 2022 के अनुसार)
(A) सुनील अरोरा
(B) ओम प्रकाश रावत
(C) सुशील चन्द्रा
(D) राजीव कुमार

26 A Sum becomes ₹ 8,800 in 4 years at simple interest at the yearly interest rate of 25% p.a. What is the sum (in rupees)?
एक राशि साधारण ब्याज पर 25% वार्षिक ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹ 8,800 हो जाती है। राशि (रुपये में) क्या है?
(A) 2,200
(B) 3,300
(C) 4,400
(D) 1,100

27 'चींटी के पर लगना' मुहावरे का सही अर्थ है
(A) जवाब न देना
(B) घबराहट होना
(C) अधिक घमण्ड करना
(D) विनाश के लक्षण प्रकट होना

28 निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं?
(A) कृतकृत्य, केश, औषध
(B) श्रृंगार, संगृहीत, ऐक्य
(C) तदुपरांत, तत्त्वावधान, तदनंतर
(D) कोंतेय, क्रति, केकैयी

29 When was Rajasthan Foundation set up?
राजस्थान फाउण्डेशन की स्थापना कब हुई?
(A) 2000
(B) 2002
(C) 2003
(D) 2001

30 If ratio of length of vertical rod and length of its shadow is $1:\sqrt{3}$, then angle of elevation of sun is-
एक उर्ध्वाधर छड़ की लम्बाई तथा इसकी छाया की लम्बाई का अनुपात $1:\sqrt{3}$ हो, तो सूर्य का उन्नयन कोण है –
(A) 45°
(B) 60°
(C) 90°
(D) 30°

31 In MS Word, when the page margins are altered or when the text does not fit on the current line, which feature automatically moves the text to the next line?
(A) Word Enter
(B) Word Format
(C) Word Scroll
(D) Word Wrap
एमएस वर्ड में, जब पेज मार्जिन ऑल्टर किये जाते हैं या जब टेक्सट करंट लाइन पर फिट नहीं होता, तब कौन-सा फीचर टेक्सट को स्वतः ही नेक्सट लाइन में मूव कर सकता है?
(A) वर्ड एंटर
(B) वर्ड फॉर्मेट
(C) वर्ड स्क्रोल
(D) वर्ड रैप

32 Which of the following organisation was founded in 1921 in Shekhawati under the impact of Non-cooperation Movement?
(A) Chirawa Sewa Samiti
(B) Shekhawati Kisan Panchayat
(C) Shekhawati Prajamandal
(D) Shekhawati Sudhar Sangh
निम्नलिखित में से शेखावाटी में किस संगठन की स्थापना 1921 में असहयोग आन्दोलन के प्रभाव में हुई थी?
(A) चिड़ावा सेवा समिति
(B) शेखावाटी किसान पंचायत
(C) शेखावाटी प्रजामण्डल
(D) शेखावाटी सुधार संघ

33 What is the value of $\sqrt{\frac{0.064\times6.25}{0.081\times4.84}}$ ?
$\sqrt{\frac{0.064\times6.25}{0.081\times4.84}}$ का मान क्या है ?
(A) $\frac{10}{9}$
(B) $\frac{10}{99}$
(C) $\frac{100}{99}$
(D) 9

34 'क्षणिक क्रोध जीवन नष्ट कर देता है' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?
(A) परिमाणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) गुणवाचक
(D) संकेतवाचक



[ Contd...



Scanned with CamScanner

35 In a mirror the image of an X object appeared to be inverted and enlarged. The type of mirror is -

(A) Concave mirror (B) Convex mirror
(C) Parabolic mirror (D) Plane mirror

एक दर्पण में किसी वस्तु X का प्रतिबिम्ब उल्टा व वस्तु से बड़ा बनता है। दर्पण की प्रकृति है –

(A) अवतल दर्पण (B) उत्तल दर्पण
(C) परवलयिक दर्पण (D) समतल दर्पण

36 Choose the correct antonym of the following word from the options given :

Freedom

(A) liberty (B) unchained
(C) independence (D) slavery

37 Lakshya Sen and Kidambi Srikanth are associated with which one of the following sports?

(A) Cricket (B) Badminton
(C) Tennis (D) Football

लक्ष्य सेन एवं किदाम्बी श्रीकांत निम्नलिखित में से किस खेल से सम्बंधित हैं?

(A) क्रिकेट (B) बैडमिन्टन
(C) टेनिस (D) फुटबाल

38 Who among the following artisans awarded Padmashri for Terracotta of Molela?

(A) Mahesh Soni
(B) Arjun Prajapati
(C) Shree Lal Joshi
(D) Mohan Lal Kumhar

निम्न दस्तकारों में से किसे टेराकोटा ऑफ मोलेला के लिए पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है?

(A) महेश सोनी
(B) अर्जुन प्रजापति
(C) श्री लाल जोशी
(D) मोहनलाल कुम्हार

39 The first space ship sent out of the solar system was -

(A) Mangalyan (B) Pioneer - 1
(C) Pioneer - 10 (D) Chandrayan - 2

सौर मण्डल के बाहर भेजा गया पहला अन्तरिक्ष यान था –

(A) मंगलयान (B) पायोनियर - 1
(C) पायोनियर - 10 (D) चन्द्रयान - 2

40 In which one of the following forts is Jhalibab Baori and Mamadev Ka Kund located?

(A) Gagron fort (B) Kumbhalgarh fort
(C) Taragarh (Bundi) (D) Chittorgarh

झालीबाब बावड़ी और मामादेव का कुण्ड निम्नलिखित में से किस दुर्ग में स्थित है?

(A) गागरौण दुर्ग (B) कुम्भलगढ़ दुर्ग
(C) तारागढ़ (बूंदी) (D) चित्तौड़गढ़

41 The Election Commission of states give their recommendations regarding disqualification of assembly members –

(A) To Governor
(B) To Lokayukta
(C) To High Court
(D) To Chief Minister

राज्यों के निर्वाचन आयोग विधान सभा सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में अपना परामर्श देते हैं –

(A) राज्यपाल को
(B) लोकायुक्त को
(C) उच्च न्यायालय को
(D) मुख्य मंत्री को

42 Which one of the following is directly related to the appellate jurisdiction of the Supreme Court of India?

(A) Appeals made in constitutional cases only
(B) Adjudication of disputes between the Union and the States
(C) Adjudication of disputes between the States
(D) Appeals made in civil, criminal and constitutional cases

निम्नलिखित में से कौन सा एक भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय अधिकार क्षेत्र से प्रत्यक्षतया सम्बन्धित है?

(A) केवल संवैधानिक मुकदमों में की गई अपीलें
(B) संघ और राज्यों के मध्य विवादों का न्याय निर्णयन
(C) राज्यों के मध्य विवादों का न्याय निर्णयन
(D) दीवानी, अपराधिक तथा संवैधानिक मुकदमों की अपीलें

43 Salute - I is a -

(A) Rocket
(B) Constellation
(C) Space Station
(D) Geostationary Satellite

सैल्यूट – I है एक –

(A) रॉकेट
(B) नक्षत्र
(C) अन्तरिक्ष स्टेशन
(D) भूस्थिर उपग्रह



Scanned with CamScanner

44 Which of the following statements is incorrect regarding Governor of Rajasthan?

(A) The chief of Governor's Secretariat is Secretary of Governor who is an officer of Rajasthan Administrative Services.

(B) The decisions taken under the discretionary power of the Governor can not be challenged in the court.

(C) The Governor cannot grant pardon in the case of death sentence.

(D) The Governor's Secretariat is working to provide administrative support to Governor.

निम्न में से कौन सा कथन राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में असत्य है?

(A) राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।

(B) राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों से लिये गये निर्णयों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

(C) राज्यपाल को मृत्युदंड के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान की शक्ति प्राप्त नहीं है।

(D) राज्यपाल को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिये राज्यपाल सचिवालय कार्यरत है।

45 Which shortcut key is used to delete a file permanently in Windows?

Windows में स्थायी रूप से किसी फ़ाइल को हटाने के लिए किस शार्टकट कुंजी का प्रयोग होता है?

(A) Delete (B) Backspace

(C) F2 (D) Shift + Delete

46 The process of arranging items of a column in a particular sequence or order is called as -

(A) Autofill (B) Sorting

(C) Filtering (D) Arranging

किसी कॉलम के आइटम्स को कुछ अनुक्रम या क्रम (सीक्वेंस या आर्डर) में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

(A) ऑटोफिल (B) सॉर्टिंग

(C) फिल्टरिंग (D) अरेंजिंग

47 In which budget year was Chief Minister of Rajasthan declared the 'Rajyastariya Panchayat Award Yojana'?

किस बजट वर्ष में राजस्थान के मुख्य मंत्री ने 'राज्यस्तरीय पंचायत अवार्ड योजना' की घोषणा की थी?

(A) 2015-16 (B) 2014-15

(C) 2016-17 (D) 2013-14

48 The compound which gives alcohol on reduction is -

(A) alkyl isocyanide

(B) nitroalkane

(C) alkyl nitrite

(D) alkyl cyanide

वह यौगिक जिसके अपचयन से एल्कोहल मिलता है, वह है –

(A) ऐल्किल आइसोसायनाइड


(B) नाइट्रोएल्केन

(C) ऐल्किल नाइट्राइट

(D) ऐल्किल सायनाइड

49 Study the following graph carefully to answer the question :

निम्न ग्राफ का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दीजिए :




What is the respective ratio of total number of students of college A to C?

कॉलेज A तथा C में कुल विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है?

(A) 2 : 3 (B) 1 : 2

(C) 1 : 1 (D) 3 : 2

50 Where was 'Rajasthan Sewa Sangh' founded in 1919?

(A) Wardha (B) Ajmer

(C) Jaipur (D) Bijolia

1919 में 'राजस्थान सेवा संघ' की स्थापना कहाँ की गई थी

(A) वर्धा (B) अजमेर

(C) जयपुर (D) बिजौलिया




Scanned with CamScanner



51 Which of the answer figures marked A, B, C and D is exactly the mirror image of the main figure?



A, B, C और D में से कौन–सी उत्तर आकृति दी गई मुख्य आकृति की दर्पण छवि है?

**Main Figure / मुख्य आकृति**



**Answer Figures / उत्तर आकृतियाँ**

(A) 
(B) 

(C) 
(D) 

52 In which year Government of Rajasthan unbundled Rajasthan State Electricity Board (RSEB) into five Government Companies?

राजस्थान सरकार ने किस वर्ष में राजस्थान राज्य विद्युत बोर्ड को पाँच सरकारी कम्पनियों में बांट दिया था?

(A) 2007 (B) 1995
(C) 2000 (D) 2012

53 Choose the correct preposition to fill in the blank.
Warning ! No unauthorized personnel _______ this point.

(A) of (B) beyond
(C) besides (D) since

54 Which mountaineer has become the first Indian Woman to scale the summits of five peaks above 8000 metres?

(A) Priyanka Mohite (B) Premlata Agarwal
(C) Malavath Purna (D) Arunima Sinha

कौन–सी पर्वतारोही पाँच 8000 मीटर से ऊँची चोटियों के शिखर पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला है?

(A) प्रियंका मोहिते (B) प्रेमलता अग्रवाल
(C) मालावत पूर्णा (D) अरुनिमा सिन्हा

55 A group of 1200 persons consisting of captains and soldiers is travelling in a train. For every 15 soldiers there is one captain. The number of captains in the group is -

कप्तान एवं सैनिकों के 1200 व्यक्तियों का एक समूह ट्रेन से यात्रा कर रहा है। यहाँ प्रत्येक 15 सैनिकों पर एक कप्तान है। इस समूह में कप्तानों की संख्या है –

(A) 75 (B) 80
(C) 85 (D) 72

56 'पथभ्रष्ट' शब्द में कौन–सा समास है?

(A) करण तत्पुरुष (B) अधिकरण तत्पुरुष
(C) संप्रदान तत्पुरुष (D) अपादान तत्पुरुष

57 How many days' work is provided to urban unemployed persons under Indira Gandhi Shahari Rojgar Guarantee Yojana?

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत शहरी बेरोजगारों को कितने दिन के रोजगार की गारंटी दी जाती है?

(A) 100 (B) 120
(C) 150 (D) 60

58 In a DBMS, the content and location of data is identified by :

(A) Sequence data
(B) Metadata
(C) Minidata
(D) Subdata

DBMS में डाटा के कांटेंट व स्थान की पहचान इससे की जाती है :

(A) सिक्वेंस डाटा (Sequence data)
(B) मेटाडाटा (Metadata)
(C) मिनीडाटा (Minidata)
(D) सबडाटा (Subdata)

59 Replace the underlined part of the following sentence with one word from the options given below :

She teaches the science of the life of plants.

(A) zoology (B) biology
(C) pathology (D) botany

60 In which physical region of Rajasthan Mukundra Hills are located?

(A) Middle Aravali (B) South Aravali
(C) Hadoti Plateau (D) North Aravali

राजस्थान के किस भौतिक प्रदेश में मुकुंदरा की पहाड़ियाँ स्थित हैं?

(A) मध्य अरावली (B) दक्षिणी अरावली
(C) हाड़ौती पठार (D) उत्तरी अरावली

[ Contd...



Scanned with CamScanner

61 Read the following passage and answer the question that follows, choosing the correct option:

Recent research into antibiotic - resistant bacterial strains suggests the need for a re-examination of the frequency with which doctors prescribe antibacterial therapy. One study demonstrated, for example, that most minor bacterial infections will resolve without treatment within 5 to 14 days of the onset of symptoms; a course of antibiotics might reduce that time frame by only 1 to 2 days. A second study indicates that the incidents of "superbugs", which have resistance to a wide variety of antibacterial agents, is increasing significantly and that these bugs are more likely to spread among those who have been treated with antibiotics within the past 5 years.

Q. The passage is primarily concerned with -
(A) explaining a change in the frequency with which antibacterial therapy is prescribed.
(B) contrasting the views of doctors and medical researchers with respect to prescribing drugs.
(C) questioning the routine prescription of antibiotics for bacterial infections.
(D) discussing research into the symptoms of bacterial infections

62 'आह्वान' शब्द का विलोम है –
(A) आभ्यन्तर (B) आर्द्र
(C) विसर्जन (D) अनृत

63 Silver article turns black when kept in the open for a few days due to the formation of -
चाँदी के बर्तन हवा में कुछ दिन खुले रखने से क्या बनने के कारण काले हो जाते हैं?
(A) AgS (B) $AgSO_4$
(C) $Ag_2S$ (D) $H_2S$

64 The term ecology was coined by -
(A) Aristotle (B) Reiter
(C) Khorana (D) Brown
शब्द पारिस्थितिकी को सर्वप्रथम दिया है –
(A) अरस्तु (B) रीटर
(C) खुराना (D) ब्राउन

65 In Rajasthan 'Mission Buniyad' is related to -
(A) E-Health services
(B) Poverty eradication
(C) Police reforms
(D) Digital learning
राजस्थान में 'मिशन बुनियाद' का संबंध है –
(A) ई–हेल्थ सेवाओं से
(B) गरीबी उन्मूलन से
(C) पुलिस सुधार से
(D) डिजिटल लर्निंग से

66 Who is chairman of DRDO? (As on 18th December, 2022)
(A) Dr. Vijay Singh (B) Dr. Alok Jain
(C) Rajwant B. Singh (D) Samir V. Kamat
DRDO के अध्यक्ष कौन हैं? (18 दिसम्बर, 2022 के अनुसार)
(A) डॉ. विजय सिंह (B) डॉ. आलोक जैन
(C) राजवन्त बी. सिंह (D) समीर वी. कामत

67 DASH diet is recommended for patients suffering from disease -
(A) Liver cirrhosis (B) Hypertension
(C) Anaemia (D) Gastritis
डेश (डी.ए.एस.एच.) आहार उन रोगियों को प्रस्तावित की जाती है जो इस रोग से ग्रसित हैं –
(A) यकृत सिरोसिस (B) उच्च रक्तचाप
(C) रक्तहीनता (D) जठरशोथ

68 The river which is known as the sorrow of West Bengal is -
(A) Brahmaputra (B) Gandak
(C) None of these (D) Damodar
नदी, जिसे पश्चिम बंगाल का शोक कहा जाता है, वह है –
(A) ब्रह्मपुत्र (B) गण्डक
(C) इनमें से कोई नहीं (D) दामोदर

69 A man sold two tables for ₹ 720 each. On one he gained 20% and on the other he lost 20%. Find his total loss or gain in this transaction.
(A) Profit of ₹ 40 (B) Loss of ₹ 40
(C) Loss of ₹ 60 (D) No loss no gain
एक आदमी ने दो मेज प्रत्येक ₹ 720 में बेची । एक पर उसे 20% लाभ तथा दूसरी पर 20% हानि हुई, तो ज्ञात करो कि पूरे सौदे में कुल कितनी हानि या लाभ हुआ?
(A) ₹ 40 का लाभ (B) ₹ 40 की हानि
(C) ₹ 60 की हानि (D) न हानि न लाभ

70 निम्नलिखित में से प्रत्यय रहित शब्द कौन–सा है?
(A) दुस्साहस (B) धैर्यवान
(C) पुत्रवत् (D) पत्रकार

71 The ratio of the side and height of an equilateral triangle is -
समबाहु त्रिभुज की भुजा और ऊँचाई का अनुपात होता है –
(A) $\sqrt{3}:2$ (B) $2:1$
(C) $\sqrt{3}:1$ (D) $2:\sqrt{3}$

72 निम्नलिखित में से कौन–सा सरकारी पत्र नहीं है?
(A) अनुस्मारक (B) अधिसूचना
(C) आवेदन पत्र (D) परिपत्र



Scanned with CamScanner

73 Most of the pathogenic organisms that cause diarrhoea are transmitted by -
(A) Faecal - oral route
(B) Insect - bite
(C) Animal to person contact
(D) Droplets
अधिकांश रोगजनक जीव जो अतिसार का कारण बनते हैं, वे संचारित होते हैं –
(A) मल–मौखिक मार्ग से
(B) कीड़े के काटने से
(C) पशु का व्यक्ति से संपर्क से
(D) बूंदों से

74 Choose the incorrect statement -
(A) Graphite contains delocalized electrons
(B) Graphite can be used as a lubricant
(C) Graphite can not conduct electricity
(D) Graphite has layered structure
असत्य कथन को छांटिए –
(A) ग्रेफाइट में विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन होते हैं।
(B) ग्रेफाइट को एक स्नेहक के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
(C) ग्रेफाइट विद्युत प्रवाहित नहीं करता है।
(D) ग्रेफाइट की परतीय संरचना होती है।

75 The ratio of radii of two right circular cylinders is 2 : 3 and the ratio of their heights is 5 : 4, then the ratio of their curved surface areas and volumes are respectively :
दो लम्बवृत्तीय बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 2 : 3 तथा ऊँचाईयों का अनुपात 5 : 4 है, तो दोनों बेलनों के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतनों का अनुपात क्रमशः है –
(A) 5 : 9; 5 : 6 (B) 6 : 5; 9 : 5
(C) 9 : 5; 6 : 5 (D) 5 : 6; 5 : 9

76 If Ranchi is called Raipur, Raipur is called Patna, Patna is called Cuttack and Cuttack is called Bhopal, then what is the capital of Bihar?
(A) Patna (B) Bhopal
(C) Cuttack (D) Ranchi
यदि राँची को रायपुर कहा जाता है, रायपुर को पटना कहा जाता है, पटना को कटक कहा जाता है तथा कटक को भोपाल कहा जाता है, तो बिहार की राजधानी क्या है?
(A) पटना (B) भोपाल
(C) कटक (D) राँची

77 Which of the following reactions will not take place?
निम्न में से कौन–सी अभिक्रिया नहीं होती है?
(A) $2KI + Cl_2 \rightarrow 2KCl + I_2$
(B) $Zn + MgSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Mg$
(C) $Mg + CuSO_4 \rightarrow MgSO_4 + Cu$
(D) $Zn + FeSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Fe$

78 What is the synonym of "Deform"?
(A) fashion (B) distort
(C) beautify (D) mould

79 What is 'Mokri'?
(A) Woollen carpets
(B) Terra-cotta Pottery
(C) Wooden toys
(D) Lac Bangles
'मोकड़ी' क्या है?
(A) ऊन की दरियाँ
(B) मिट्टी के बर्तन
(C) लकड़ी के खिलौने
(D) लाख की चूड़ियाँ

80 If the average of m numbers is $n^2$ and that of n numbers is $m^2$, then average of (m + n) numbers is -
यदि m संख्याओं का औसत $n^2$ है और इसी तरह n संख्याओं का औसत $m^2$ है, तब (m + n) संख्याओं का औसत है –
(A) m – n (B) mn
(C) m/n (D) m + n

81 Which place is famous for Ajarkha Print in Rajasthan?
(A) Sanganer (B) Barmer
(C) Kota (D) Jaisalmer
अजरखा प्रिन्ट के लिए राजस्थान का कौन–सा स्थान प्रसिद्ध है?
(A) सांगानेर (B) बाड़मेर
(C) कोटा (D) जैसलमेर

82 Which of the following devices can perform both input and output functions?
(A) communication device
(B) keyboard
(C) mouse
(D) trackball
निम्नलिखित में से कौन–सा डिवाइस इनपुट एवं आउटपुट दोनों के कार्य कर सकता है?
(A) संचार डिवाइस
(B) की-बोर्ड
(C) माउस
(D) ट्रेकबाल

83 Rajiv Gandhi Rural Olympic games were inaugurated by Chief Minister of Rajasthan in ______.
(A) Jaipur (B) Jalore
(C) Hanumangarh (D) Jodhpur
राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन राजस्थान के मुख्य मंत्री द्वारा ______ में किया गया।
(A) जयपुर (B) जालौर
(C) हनुमानगढ़ (D) जोधपुर


Scanned with CamScanner

84 Who among the following won his 25th world title at the World Billiards Championship held at Kuala Lumpur on 8-10-2022?
(A) Pankaj Advani (B) Geet Sethi
(C) Aditya Mehta (D) Saurav Kothari
निम्नलिखित में से किसने 8-10-2022 को कुआलालम्पुर में आयोजित विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशीप में अपना 25 वाँ विश्व खिताब जीता?
(A) पंकज अडवानी (B) गीत सेठी
(C) आदित्य मेहता (D) सौरव कोठारी

85 India's first electronic bank guarantee is issued by which bank?
किस बैंक द्वारा भारत की प्रथम इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी की गई है?
(A) SBI (B) PNB
(C) BOB (D) HDFC

86 Mahesh is 12th from left and Suresh is 12th from right in a line of 19 boys. How many boys are between them?
19 लड़कों की एक पंक्ति में महेश बायीं ओर से 12 वाँ तथा सुरेश दायीं ओर से 12 वाँ है। दोनों के मध्य कितने लड़के हैं?
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 2

87 The official legal advisor to the state Government is -
(A) The Attorney General
(B) The Advocate General
(C) High Court
(D) The Chief Justice
राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देने के लिए अधिकृत है –
(A) महान्यायवादी
(B) महा अधिवक्ता
(C) उच्च न्यायालय
(D) मुख्य न्यायाधीश

88 In how many phases the integration of Rajasthan was completed?
(A) Six (B) Seven
(C) Eight (D) Five
राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूरा हुआ?
(A) छः (B) सात
(C) आठ (D) पाँच

89 Which of the following is the main component of jute fibre?
(A) Lignin (B) Pectin
(C) Hemicellulose (D) Cellulose
निम्न में से कौन–सा जूट तंतु का मुख्य घटक है?
(A) लिग्नीन (B) पेक्टिन
(C) हेमिसेलुलोज़ (D) सेलुलोज़

90 $\cot^2\theta - \mathrm{cosec}^2\theta = ?$
(A) 1 (B) –1
(C) 2 (D) 0

91 The cube root of 512000 is -
512000 का घनमूल है –
(A) 60 (B) 70
(C) 80 (D) 50

92 Which of the following sections does not exist in a slide layout?
(A) Charts (B) Lists
(C) Animations (D) Titles
निम्नलिखित में से कौन–सा अनुभाग स्लाइड लेआऊट में मौजूद नहीं है?
(A) चार्ट्स (B) लिस्ट्स
(C) ऐनिमेशन्स (D) टाइटल्स

93 Which of the following features allow you to narrow down the data in your work sheet?
(A) Merge Cells
(B) Fill Handle
(C) Filters
(D) Sorting
निम्नलिखित में से कौन–सी सुविधा आपको अपनी वर्कशीट में डेटा को कम करने की अनुमति देती है?
(A) मर्ज सेल्स (Merge Cells)
(B) फिल हैंडल (Fill Handle)
(C) फिल्टर्स (Filters)
(D) सॉर्टिंग (Sorting)

94 Who was the first Chief Minister of Ajmer state?
(A) Hari Bhau Upadhyaya
(B) Heeralal Shastri
(C) Jai Narayan Vyas
(D) Bal Krishna Kaul
अजमेर राज्य के प्रथम मुख्य मंत्री कौन थे?
(A) हरि भाऊ उपाध्याय
(B) हीरालाल शास्त्री
(C) जय नारायण व्यास
(D) बाल कृष्ण कौल

95 Find the missing number.
लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
47 * 38 = 8374, 53 * 16 = 6135, 20 * 92 = ?
(A) 2902 (B) 2920
(C) 9220 (D) 1840


Scanned with CamScanner

96 Which district is not situated in very humid climatic region?

(A) Northern Chittorgarh

(B) Banswara

(C) Baran

(D) Sirohi

अति आर्द्र जलवायु प्रदेश में कौन–सा ज़िला स्थित नहीं है?

(A) उत्तरी चित्तौड़गढ़

(B) बांसवाड़ा

(C) बारां

(D) सिरोही

97 Which of the following is a physical change?

(A) Combustion of magnesium ribbon

(B) Burning of candle

(C) Melting an ice cube

(D) Rusting of iron

निम्नलिखित में से भौतिक परिवर्तन कौन सा है?

(A) मैग्नीशियम रिबन का दहन

(B) मोमबत्ती का जलना

(C) बर्फ का पिघलना

(D) लोहे में जंग लगना

98 In hexadecimal number system the value of the base is :

हेक्साडेसिमल संख्या प्रणाली में आधार का मान होता है :

(A) 6 (B) 8

(C) 16 (D) 2

99 During the period of which Maharana of Mewar was "Chiteron Ki Ovari" an art school in the palace established?

(A) Maharana Amar Singh

(B) Maharana Jagat Singh I

(C) Maharana Jai Singh

(D) Maharana Pratap

मेवाड़ के किस महाराणा के समय राजमहल में "चितेरों की ओवरी" नाम से कला विद्यालय स्थापित किया गया?

(A) महाराणा अमर सिंह

(B) महाराणा जगत सिंह प्रथम

(C) महाराणा जय सिंह

(D) महाराणा प्रताप

100 Which one of the following is newer mountain range?

(A) Aravali (B) Shivalik

(C) Vindhyan (D) Annamalai

निम्नलिखित में से कौन सी नवीनतम पर्वत शृंखला है?

(A) अरावली (B) शिवालिक

(C) विन्ध्यन (D) अन्नामलाई

101 Who was the father of Ajayraj Chauhan of Ajmer?

(A) Vigrahraj II (B) Durlabhraj II

(C) Prithviraj I (D) Chandraraj II

अजमेर के अजयराज चौहान के पिता कौन थे?

(A) विग्रहराज द्वितीय (B) दुर्लभराज द्वितीय

(C) पृथ्वीराज प्रथम (D) चन्द्रराज द्वितीय

102 BIOS is a part of which of the following?

बायोस निम्न में से किस का हिस्सा है?

(A) LAN (B) ROM

(C) WAN (D) RAM

103 Who among the following, Governor consults for the appointment of Lokayukta in Rajasthan?

(A) Chief Minister and Chief Justice of High Court

(B) Chief Justice of High Court and leader of opposition in the Assembly

(C) Chief Minister, Chief Justice of High Court and leader of opposition in the Assembly

(D) Chief Minister

राजस्थान में राज्यपाल लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए निम्न में से किसके साथ परामर्श करता है?

(A) मुख्य मंत्री और उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(B) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और विधान सभा में प्रतिपक्ष का नेता

(C) मुख्य मंत्री, उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और विधान सभा में प्रतिपक्ष का नेता

(D) मुख्य मंत्री

104 निम्नलिखित में किस विकल्प में भाववाचक संज्ञायुक्त शब्द है?

(A) मोहन, लड़का (B) गंगा, जयपुर

(C) बचपन, योग्यता (D) पहाड़, नदी

105 Translate the following sentence into Hindi :

He called a taxi for me.

(A) उसने मुझे टैक्सी पुकारा।

(B) उसने मेरे लिए एक टैक्सी बुलाई।

(C) वह मेरे लिए एक टैक्सी लाया।

(D) उसने मुझे एक टैक्सी कहा।

106 Who was the Chairman of First Finance Commission of Rajasthan?

(A) Krishna Kumar Goyal

(B) Jyoti Kiran

(C) Manik Chand Surana

(D) Heeralal Devpura

राजस्थान के प्रथम वित्त आयोग का अध्यक्ष कौन था?

(A) कृष्ण कुमार गोयल

(B) ज्योति किरण

(C) माणिक चंद सुराणा

(D) हीरालाल देवपुरा



Scanned with CamScanner


107 The river Indravati is a tributary of the river _______.

(A) Krishna (B) Mahanadi
(C) Kavery (D) Godavari

इन्द्रावती नदी, _______ नदी की सहायक नदी है।


(A) कृष्णा (B) महानदी
(C) कावेरी (D) गोदावरी

108 Consider the following situation, what can be said about emergent ray / rays?




(A) a red light
(B) a white light
(C) a violet light
(D) VIBGYOR

निम्नलिखित स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्गत किरण / किरणों के बारे में क्या कहा जा सकता है?




(A) लाल प्रकाश
(B) सफेद प्रकाश
(C) बैंगनी प्रकाश
(D) विबग्योर (VIBGYOR)

109 If $x = \frac{1}{1+\sqrt{2}}$, then the value of $x^2 + 2x + 3$ is -

यदि $x = \frac{1}{1+\sqrt{2}}$ है, तो $x^2 + 2x + 3$ का मान है –

(A) $3+\sqrt{2}$ (B) 4
(C) 0 (D) $2+\sqrt{2}$

110 'Terah Tali' dance is performed in the praise of Folk God ______.

(A) Mallinathji (B) Tejaji
(C) Ramdevji (D) Gogaji

'तेरहताली' नृत्य ______ लोक देवता की स्तुति में किया जाता है।

(A) मल्लीनाथजी (B) तेजाजी
(C) रामदेवजी (D) गोगाजी

111 The blood cells that protect the body from microbes and other foreign substances are -

(A) Leukocytes (B) Platelets
(C) Lymphocytes (D) Erythrocytes

रक्त कोशिकाएं जो शरीर को सूक्ष्मजीवों और अन्य बाहरी पदार्थों से सुरक्षित रखती हैं, वे हैं –

(A) श्वेताणु (B) पट्टिकाणु
(C) लसिकाणु (D) रक्ताणु

112 Under Indira Rasoi Yojana, Lunch is provided at ₹ _____ per plate.

इन्दिरा रसोइ योजना के अन्तर्गत ₹ _____ प्रति प्लेट में दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।

(A) 7 (B) 8
(C) 12 (D) 17

113 In India, the Coniferous trees are found in _______.

(A) Tropical Evergreen Forests
(B) Tropical Thorn Forests
(C) Mountain Forests
(D) Mangrove Forests

भारत में शंकुधारी वृक्ष _______ में पाए जाते हैं।

(A) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(B) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन
(C) पर्वतीय वन
(D) मैंग्रोव वन

114 Nobel Peace Prize, 2022 was given to Ales Bialiatski.
He is from which of the following countries?

(A) Belarus (B) Russia
(C) England (D) Ukraine

एलेस बालियात्स्की को नोबेल शान्ति पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया गया।
वे निम्नलिखित में से किस देश से हैं?

(A) बेलारूस (B) रूस
(C) इंग्लैण्ड (D) यूक्रेन

115 When was National Rural Employment Guarantee Scheme was renamed as Mahatma Gandhi National Rural Employment Scheme?

(A) 2 October, 2009 (B) 2 October, 2008
(C) 2 October, 2010 (D) 2 October, 2005

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी स्कीम का नाम बदल कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार स्कीम कब किया गया?

(A) 2 अक्टूबर, 2009 (B) 2 अक्टूबर, 2008
(C) 2 अक्टूबर, 2010 (D) 2 अक्टूबर, 2005



Scanned with CamScanner

116 The Summit of the Shanghai Cooperation Organisation (SCO) was hosted by which country from 15-16 September, 2022?
(A) Kazakhstan (B) Tajikistan
(C) Uzbekistan (D) India
शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी 15-16 सितम्बर, 2022 को किस देश ने की थी?
(A) कज़ाखस्तान (B) तजीकिस्तान
(C) उज़्बेकिस्तान (D) भारत

117 Select the odd man.
(A) Rubal (B) Riyadh
(C) Riyal (D) Taka
विषम को छांटिए।
(A) रूबल (B) रियाद
(C) रियाल (D) टका

118 In a triangle $\Delta ABC$, $2\angle A = 3\angle B = 6\angle C$, then $\angle A$, $\angle B$ and $\angle C$ respectively are -
एक त्रिभुज $\Delta ABC$ में $2\angle A = 3\angle B = 6\angle C$, तो $\angle A$, $\angle B$ तथा $\angle C$ क्रमशः हैं -
(A) $90^\circ, 60^\circ, 30^\circ$ (B) $30^\circ, 60^\circ, 90^\circ$
(C) $90^\circ, 45^\circ, 45^\circ$ (D) $60^\circ, 90^\circ, 30^\circ$

119 Which of the following decades in Rajasthan has highest population growth?
निम्नांकित में से कौन–से दशक में राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि दर उच्चतम रही?
(A) 2001-11 (B) 1971-81
(C) 1991-2001 (D) 1911-21

120 The least distance of distinct vision for a young adult with normal vision is about -
सामान्य दृष्टि वाले युवा वयस्क के लिए निकट बिंदु दूरी क्या है?
(A) 2.5 cm (सेमी) (B) 25 cm (सेमी)
(C) 2.5 m (मी) (D) 25 m (मी)

121 Which of the following industrial areas is not located at Jodhpur?
(A) Boranada - III (B) Napasar
(C) Mandore (D) Pal Shilp Gram
निम्न में से कौन सा औद्योगिक क्षेत्र जोधपुर में स्थित नहीं है?
(A) बोरानाड़ा - III (B) नापासर
(C) मंडोर (D) पाल शिल्प ग्राम

122 Two cubes of side 5 cm each are joined to form a cuboid, then the length of cuboid so formed is -
(A) 10 cm (B) 15 cm
(C) 20 cm (D) 5 cm
5 सेमी भुजा के दो घनों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। इस प्रकार बने घनाभ की लम्बाई है –
(A) 10 सेमी (B) 15 सेमी
(C) 20 सेमी (D) 5 सेमी

123 Which of the following is not used in the preparation of soap?
(A) Stearic acid (B) Lauric acid
(C) Benzoic acid (D) Palmitic acid
निम्न में कौन–सा साबुन बनाने में काम नहीं आता?
(A) स्टिएरिक अम्ल (B) लॉरिक अम्ल
(C) बेन्जोइक अम्ल (D) पामिटिक अम्ल

124 What is the main attraction of the Kanan Fair of Barmer?
(A) Bhawai dance (B) Ghudla dance
(C) Gair dance (D) Gidda dance
बाड़मेर के कानन मेले का मुख्य आकर्षण क्या है?
(A) भवई नृत्य (B) घुड़ला नृत्य
(C) गेर नृत्य (D) गिद्द नृत्य

125 Rajasthan State Ganganagar Sugar Mill is a -
(A) Cooperative sector company
(B) Government undertaking
(C) Joint undertaking of Government and private sector
(D) Private sector company
राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल है –
(A) सहकारी क्षेत्र की कंपनी
(B) सरकारी उपक्रम
(C) सरकार व निजी क्षेत्र का संयुक्त उपक्रम
(D) निजी क्षेत्र की कंपनी

126 From which civilization have the remains of well developed walled fortification found?
(A) Ganeshwar (B) Kalibanga
(C) Balathal (D) Pilibanga
किस सभ्यता में अच्छी विकसित प्राचीर युक्त किलेबंदी के अवशेष मिले हैं?
(A) गणेश्वर (B) कालीबंगा
(C) बालाथल (D) पीलीबंगा

127 What is Nad?
(A) Four strips of wood
(B) Attached flutes
(C) One stringed instrument
(D) A long flute
नड क्या है?
(A) लकड़ी की चार पट्टियाँ
(B) जुड़वां बांसुरियाँ
(C) एक तार वाला वाद्य
(D) एक लम्बी बांसुरी

128 Gregor Mendel, through his work on which of the following, discovered the laws of inheritance?
(A) Mustard (B) Sea Urchin
(C) Peas (D) Beetles
ग्रेगर मेण्डल ने किस पर कार्य कर अनुवंशिकी के नियम प्रतिपादित किए?
(A) सरसों (B) समुद्री अर्चिन
(C) मटर (D) भृंगों


Scanned with CamScanner

129 Under whose leadership was the excavation work of Ahar accomplished?
(A) H. D. Sankalia (B) B. B. Lal
(C) V. N. Misra (D) V. S. Wakankar
आहड़ का उत्खनन कार्य किसके नेतृत्व में निष्पादित हुआ था?
(A) एच. डी. सांकलिया (B) बी. बी. लाल
(C) वी. एन. मिश्रा (D) वी. एस. वाकणकर

130 Choose the correct option.
The tone of a circular should :
(A) remain the same for any kind of audience
(B) be humorous
(C) be strict
(D) be different for different kinds of audience

131 Amarshahi is the name of -
(A) Jewellery (B) Terracotta Vessel
(C) Pagdi (D) Jooti (Footwear)
अमरशाही किसका नाम है?
(A) आभूषण (B) मिट्टी का बर्तन
(C) पगड़ी (D) जूती

132 Which one of the following is NOT a feature of Rajiv Gandhi Scholarship for Academic Excellence Scheme, 2021 announced by Government of Rajasthan?
(A) The objective of the scheme is to provide financial assistance to students of Rajasthan to study in top foreign universities.
(B) Minimum 33 percent seats are reserved for girls in this scheme.
(C) Higher priority is given to students whose parents' annual income is less than ₹ 8 lakhs.
(D) It was announced on 20-08-2021 on the occasion of birth anniversary of Rajiv Gandhi.
निम्नलिखित में से राजस्थान सरकार द्वारा घोषित राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर ऐकेडमिक एक्सीलेंस स्कीम, 2021 की विशेषता कौन सी नहीं है?
(A) इस स्कीम का उद्देश्य राजस्थान के विद्यार्थियों को ऊँची विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता देना है।
(B) इस स्कीम में न्यूनतम 33% स्थान लड़कियों के लिए आरक्षित है।
(C) जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की वार्षिक आय ₹ 8 लाख से कम हो उनको उच्च प्राथमिकता दी गई है।
(D) इसकी घोषणा राजीव गांधी के जन्म दिवस पर 20-08-2021 को की गई थी।

133 Which district of Rajasthan is the part of very humid climate region?
(A) Kota (B) Jaipur
(C) Bikaner (D) Ajmer
राजस्थान का कौन–सा ज़िला अति आर्द्र जलवायु प्रदेश का भाग है?
(A) कोटा (B) जयपुर
(C) बीकानेर (D) अजमेर

134 Who was the first Indian to scale Kanchenjunga in 1977 and is known as 'Snow Tiger', who died recently in October, 2022?
(A) Pankaj Kumar
(B) Umesh Zirpe
(C) Colonel Narendra Kumar.
(D) Col. Prem Chand
कौन 'स्नो टाइगर' नाम से जाना जाने वाला एवं 1977 में कंचनजंगा को फतेह करने वाला प्रथम भारतीय था, जिसकी हाल ही में अक्टूबर, 2022 में मृत्यु हो गई?
(A) पंकज कुमार
(B) उमेश ज़िर्पे
(C) कर्नल नरेन्द्र कुमार
(D) कर्नल प्रेमचन्द

135 Which data type is NOT in M.S. Excel?
(A) Currency (B) Label
(C) Date / Time (D) Number
इनमें से कौन–सा डेटा टाइप एम.एस. एक्सेल में नहीं है?
(A) करेंसी (B) लेबल
(C) डेट / टाइम (D) नम्बर

136 Justice Pankaj Mithal is ______ Chief Justice of Rajasthan High Court.
(A) $49^{th}$ (B) $29^{th}$
(C) $40^{th}$ (D) $38^{th}$
जस्टिस पंकज मिथल राजस्थान उच्च न्यायालय के ______ वें मुख्य न्यायाधीश हैं।
(A) 49 (B) 29
(C) 40 (D) 38

137 Vijay Hazare Trophy is associated with which sport?
(A) Hockey (B) Volley-ball
(C) Cricket (D) Football
विजय हज़ारे ट्रॉफी का सम्बन्ध किस खेल से है?
(A) हॉकी (B) वॉलीबाल
(C) क्रिकेट (D) फुटबाल

[ Contd...





Scanned with CamScanner

138 The members of Panchayat Samiti in Rajasthan are -
(A) indirectly elected.
(B) nominated.
(C) appointed by the State Government.
(D) directly elected.
राजस्थान में पंचायत समिति के सदस्य –
(A) अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं।
(B) मनोनीत होते हैं।
(C) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं।
(D) प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं।

139 'कनक' के अनेकार्थक को प्रकट करने वाला शब्द नहीं है –
(A) किरण (B) धतूरा
(C) सोना (D) गेहूँ

140 Camel Research Centre is located at -
(A) Bikaner (B) Jalore
(C) Sri Ganganagar (D) Barmer
ऊँट अनुसंधान केन्द्र स्थित है –
(A) बीकानेर में (B) जालोर में
(C) श्रीगंगानगर में (D) बाड़मेर में

141 Change the voice of the following sentence from the options given below :
Who teaches you such things?
(A) By whom you were taught such things?
(B) By whom are you taught such things?
(C) You were taught such things by whom?
(D) By who was you taught such things?

142 'ऋग्वेद' शब्द का सही संधि विच्छेद है –
(A) त्रिक + वेद (B) ऋक् + वेद
(C) ऋत् + वेद (D) ऋ + वेद

143 According to the India State of Forest Report 2019, the number of states (Not Union Territories) having percentage of forest cover less than 10 is -
इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2019 के अनुसार उन राज्यों (केन्द्र शासित प्रदेश नहीं) की संख्या जहाँ वन क्षेत्र प्रतिशत मान 10 से कम है, वह है –
(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 5

144 Fill in the blank with the appropriate article.
Eat ______ banana everyday to keep yourself healthy.
(A) the (B) an
(C) zero article (D) a

145 Who is the Basketball legend and Arjun awardee, who died on 15 November, 2022?
(A) Sarabjit Singh
(B) Gurdayal Singh
(C) Khushi Ram
(D) Ghulam Abbas Moontsir
भारत के बास्केटबाल दिग्गज एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता कौन हैं, जिनका 15 नवम्बर, 2022 को देहान्त हो गया?
(A) सरबजीत सिंह
(B) गुरदयाल सिंह
(C) खुशी राम
(D) गुलाम अब्बास मुंटसिर

146 Where is 'Great Indian Bustard' found?
(A) Keoladeo
(B) Desert National Park
(C) Sajjangarh
(D) Ranthambhore
'गोंडावन' कहाँ पाई जाती है?
(A) केवलादेव
(B) राष्ट्रीय मरु उद्यान
(C) सज्जनगढ़
(D) रणथम्भौर

147 Which one of the following Articles of Indian Constitution deals with the Oath of Governor?
(A) Article 155 (B) Article 158
(C) Article 159 (D) Article 154
भारत के संविधान के निम्नलिखित किस अनुच्छेद में राज्यपाल की शपथ का प्रारूप दिया गया है?
(A) अनुच्छेद 155 (B) अनुच्छेद 158
(C) अनुच्छेद 159 (D) अनुच्छेद 154

148 How much percent area should be under forests in the plain area according to National Forest Policy?
राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार मैदानी क्षेत्र में कितने प्रतिशत तक क्षेत्र वनों के अन्तर्गत होना चाहिए?
(A) 20% (B) 9.32%
(C) 3.83% (D) 33%

149 Choose the correct tense of the verb given in the bracket.
Do you (speak) English?
(A) spoken (B) speak
(C) speaking (D) spoke

150 The power of a convex lens is -
(A) negative (B) zero
(C) infinite (D) positive
उत्तल लेंस की क्षमता होती है –
(A) ऋणात्मक (B) शून्य
(C) अनन्त (D) धनात्मक



Scanned with CamScanner